Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:30 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:01 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 263 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 15 अप्रैल 2024

मनीषा रानी का झलक दिखला...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## आज भी बदला रहेगा मौसम, ऑरेंज अलर्ट जारी बर्फबारी की संभावना

**देहरादून।** मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से आज उत्तराखंड में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।
आज भी उत्तराखंड में मौसम बदला रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से प्रदेश के कुछ इलाकों में बिजली चमकने और झोंकेदार हवाओं के साथ ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र से जारी पूर्वानुमान के अनुसार नैनीताल, चंपावत, ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि, चार हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है।

## तमंचा कारतूस समेत दो धरे



**हल्द्वानी।** पुलिस ने मंगलपड़ाव क्षेत्र में चैकिंग के दौरान दो लोगों को तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। लोकसभा चुनाव में शांत व्यवस्था कायम रखने के मकसद से पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। प्रभारी निरीक्षक उमेश मलिक के नेतृत्व में मगलड़ाव चौकी पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान अमन उर्फ मोटा निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा और पंकज बेलवाल निवासी लक्ष्मपुर कुंवरपुर चोरगलिया को तमंचा 315 और तमंचा 12 बोर व एक-एक अदद कारसूत के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी मंगलपड़ाव दिनेश चंद्र जोशी, एएसआई मान सिंह, कां. हितेंद्र वर्मा, भूपाल सिंह शामिल रहे।

# चारधाम यात्रा शुरू: पंजीकरण कराने के लिए आज से खुली वेबसाइट

देहरादून
हमारे संवाददाता

10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। इस बार चारधाम यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले यात्रियों को पंजीकरण की सुविधा दी जा रही है। चारधाम यात्रा में देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आज से पंजीकरण शुरू हो गए हैं।

सुबह सात बजे से पंजीकरण कराने के लिए वेबसाइट खोल दी गई है और दो घंटे में चार हजार से ज्यादा लोग चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण कर चुके हैं। इसके अलावा मोबाइल एप, व्हाट्सएप नंबर और टोल फ्री नंबर भी



पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा। चारोंधाम के कपाट खुलने की तिथि तय होने के बाद पर्यटन विभाग ने पंजीकरण की तैयारी पूरी कर ली है। इस बार चारधाम यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले यात्रियों को पंजीकरण की सुविधा दी जा रही है। इससे प्रदेश से बाहर से आने वाले तीर्थयात्री अपना यात्रा प्लान बना कर आसानी से पंजीकरण कर सके। इस बार भी चार माध्यमों से देश के किसी कोने से तीर्थयात्री अपना पंजीकरण का सकते हैं। पंजीकरण के लिए नाम, मोबाइल नंबर के साथ यात्रा करने वाले सदस्यों का ब्योरा, निवास स्थान के पत्ते के लिए आईडी देनी होगी।

### ऐसे करें पंजीकरण

पर्यटन विभाग की वेबसाइट registrationandtouristcare.uk.gov.in पर लॉगिन कर पंजीकरण किया जा सकता है। इसके अलावा व्हाट्सएप नंबर-8394833833 पर yatra (यात्रा) लिख कर मैसेज करके भी पंजीकरण कर सकते हैं। जो यात्री वेबसाइट पर पंजीकरण नहीं कर पाते हैं, उनके लिए पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर- 0135-1364 पर कॉल करने पर पंजीकरण की सुविधा दी है। साथ ही स्मार्ट फोन पर touristcarerttarakhand मोबाइल एप से पंजीकरण कर सकते हैं। पिछले साल चारधाम यात्रा में 74 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया था। इसमें पूरे यात्रा काल में 56 लाख यात्रियों ने चारधामों के दर्शन किए। इस बार भी विभाग को श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

ककिं

# मसूरी पहुंचे जेपी नड्डा, जनसभा में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां



देहरादून
हमारे संवाददाता

जेपी नड्डा टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान जनसभा में सरकार की उपलब्धियां गिनाईं ।
भाजपा के स्टार प्रचारकों का उत्तराखंड में आने का सिलसिला जारी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज चुनाव प्रचार को धार देने उत्तराखंड पहुंचे। यहां वह मसूरी में आयोजित जनसभा में टिहरी सीट से प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उनका स्वागत किया। वहीं, महिला मोर्चा की ओर से भी उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए मसूरी ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

रजत अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी की नीतियों से प्रभावित होकर वह भाजपा में शामिल हुए हैं। मसूरी ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अग्रवाल कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया। वहीं, उन्होंने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। उनके साथ मसूरी के कई और लोग भी भाजपा में शामिल हुए।

# चैकिंग के दौरान युवक को नशे के इंजेक्शन समेत दबोचा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

वनभूलपुरा थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वनभूलपुरा थान पुलिस ने गश्त के दौरान रेलवे बाजार क्षेत्र से एक युवक को संदिग्ध हालत में घूमते हुए धर दबोचा। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए युवक ने अपना नाम विवेक कुमार पंत निवासी तुलसी नगर पॉलीसीट हल्द्वानी बताया।

पूछताछ में उसने बताया कि वह नशे का आदी है और अपने नशे की लत को दूर करने के लिए वह ताज चौराहे के पास रहने वाले सलीम नामक युवक से स्मैक खरीदता है। उसके लिए वह नशे के इंजेक्शन भी बेच दिया करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

## जंगल में कच्ची शराब बनाते दो गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** आगामी लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपादित कराने के साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देश एसएसपी पीएन मीणा ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को दिए गए हैं। जिसके क्रम में पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कालाढूंगी थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान बनखण्डी मन्दिर के पास जंगल क्षेत्र में दो लोगों को अवैध कच्ची शराब बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 210 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों में अमरजीत सिंह उर्फ राजू पुत्र स्व. दर्शन सिंह निवासी मौहली जंगल, केलाखेडा उधम सिंह नगर और महेन्द्र सिंह उर्फ कालू पुत्र बुद्ध सिंह निवासी मौहली जंगल, केलाखेडा उधम सिंह नगर शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टीम में एसआई नीशू गौतम, हे.कां. लेखराज सिंह, कां. अशोक कुमार, रविन्द्र सिंह, परमजीत सिंह, हीरा राम शामिल रहे।

# रुद्रपुर में स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

बीती शाम को एक स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से 108 से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फिलहाल आरोपी चालक के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस के मुताबिक बिंदुखेड़ा निवासी 62 वर्षीय मंगत सिंह रविवार शाम को भूरारानी में भूसा का पता करने आया था। बाद में वह बाईक से वापस घर को जा रहे थे। बताया जा रहा है कि भूरारानी रोड पर उसकी बाईक को तेज गति से आ रही एक स्कार्पियो की टक्कर हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। यह देख आसपास के लोग एकत्र हुए और एंबुलेंस 108 को सूचना दी। सूचना पर एंबुलेंस कर्मी मौके पर पहुंचे और घायल मंगत सिंह को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसका पता चलते ही मृतक के परिजन भी पहुंच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि कार चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। मृतक के परिजनों की ओर से पुलिस में तहरीर नहीं दी। उधर किच्छा क्षेत्र में भी सड़क हादसे में स्केप व्यवसाई की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सितारगंज क्षेत्र निवासी 50 वर्षीय बुंदन शाह स्क्रैप का काम करता है और वह रविवार शाम को रुद्रपुर से वापस घर लौट रहा। रास्ते में उसे किसी अज्ञात वाहन की टक्कर हो गई। जिससे उसकी मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा।

# केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं, ईडी को जारी हुआ नोटिस

नई दिल्ली
एजेंसी

केजरीवाल के वकील ने मामले को सुनवाई के लिए 19 अप्रैल को ही सूचीबद्ध करने की मांग की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया और मामले को सुनवाई के लिए 29 अप्रैल को सूचीबद्ध किया है। दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने त्वरित राहत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ईडी को नोटिस जारी कर 24 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश दिया है। अदालत अब केजरीवाल मामले पर 29 अप्रैल को सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दावा किया कि केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार से रोकने के लिए गिरफ्तार किया गया है। केजरीवाल के



वकील ने मामले को सुनवाई के लिए 19 अप्रैल को ही सूचीबद्ध करने की मांग की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया और मामले को सुनवाई के लिए 29 अप्रैल को सूचीबद्ध किया है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि केजरीवाल ने शराब नीति घोटाले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था, लेकिन हाईकोर्ट से उन्हें राहत नहीं मिली थी, जिसके बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को झटका देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी उस याचिका को खारिज करते हुए राहत देने से इनकार कर दिया था। केजरीवाल ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। अदालत ने कहा था कि बार-बार समन भेजने के बावजूद केजरीवाल के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं होने और जांच में शामिल नहीं होने से जांच एजेंसी के पास कोई खास विकल्प नहीं बचा था।

# धूमधाम से मनाई डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल समेत भवाली व ज्योलीकोट में रविवार को भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

शिल्पकार सभा नैनीताल के तत्वावधान में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य, विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष श्याम नारायण व संजय कुमार संजू रहे। सुबह 11 बजे से शोभा यात्रा मल्लीताल खेल के मैदान से प्रारम्भ हुई। शोभा यात्रा माल रोड होते हुए आगे बढ़ी और डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किगया गया। अपरान्ह एक बजे से अंबेडकर भवन सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता रमेश चन्द्र तथा संचालन महामंत्री देवेन्द्र प्रकाश ने किया।




वक्ताओं ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के संविधान निर्माण में प्रमुख भूमिका रही, उन्होंने अनुसूचित जाति व जनजाति के समाज को मुख्यधारा से जोडा। सभा में रमेश चन्द्र,कैलाश आगरकोटी,राजेन्द्र प्रसाद,बंटु आर्य,डॉ0 प्रहलाद आर्य, सांसद प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल सिंह रावत, मोहित कुमार,रमेश चन्द्रा,राजेन्द्र प्रसाद,संजय कुमार,बची चन्द्र तथा सुधा आर्य आदि रहे।

ज्योलीकोट में संविधान निर्माता और महान राजनीतिज्ञ डा. भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने भीमराव को युगपुरुष बताते कहा कि वंचित शोषित पीड़ित समाज के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया उसके परिणाम से समाज में नई चेतना जागृत हुई।

इस दौरान ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट, गौरांग रघु, खुशाली राम, डा ललित जोशी, ग्राम प्रधान हरगोबिंद रावत,रजनी रावत,शशि चनियाल, बसंती आर्या, मुन्नी देवी,संजय चनियाल,मनीष कुमार, चंद्रशेखर भट्ट, राम दत्त,जीवन चंद्र,नवल कुमार,पियूष कुमार, नितिन, रॉबिन लाल, कैलाश पाठक, कैलाश जोशी,मनोहर लाल,दीवान अधिकारी, रमेश जीना, मनोज चनियाल,गिरीश चंद्र, पंडित हरीश लाल,पवन बिष्ट तथा मनोज फ ौजी सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

भवाली में जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री खष्टी बिष्ट के आवास पर भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 133 की जयंती पर भवाली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भावपूर्ण स्मरण करते हुएए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब का संकल्प दोहराते हुए शिक्षित बनो संगठित रहो और आगे बढ़ो का संकल्प लिया और कहा कि आज भीमराव अंबेडकर जी ने दुनिया का सबसे बेहतरीन संविधान हमें बना कर दिया। इसी संविधान ने हमें सर्वधर्म समभाव की शिक्षा दी इसी संविधान ने हमें सारे अधिकार और कर्तव्य का बोध कराया बाबा भीमराव अंबेडकर अमर रहे तारों के साथ सभागार गूंज मान रहा। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष भुवन सिंह अधिकारी व दयाल आर्य, पूर्व सभासद किशन सिंह अधिकारी, कंचन सुयाल, हरि सिंह बिष्ट, हेमचंद पांडे, शेर सिंह बिष्ट, लोकेश जोशी, पंकज जोशी, उषा कनौजिया, पुष्पेश पांडे,शांति तिवारी, धनी दुमका, अंजू चौधरी, जया कपिल, पंकज आर्य तथा हरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## लंढौर साउथ रोड के पास घास, झाड़ियों में आग लगने से मची अफरा तफरी

**देहरादून।** राजमण्डी के पास अचानक झाड़ियों, घास पर आग लग गई, जिससे आसपास की बस्ती में हड़कंप मच गया। आग लगने की घटना पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और आग बुझाने में जुट गए।

मसूरी शहर के लंढौर साउथ रोड के नीचे घास, झाड़ियों में आग लगने से आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। आग लगने की घटना पर स्थानीय लोग एकत्र हो गए और बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पाया।

लंढौर साउथ रोड़ के नीचे राजमण्डी के पास अचानक झाड़ियों, घास पर आग लग गई, जिससे आसपास की बस्ती में हड़कंप मच गया। आग लगने की घटना पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। आग की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड भी पहुंची लेकिन साउथ रोड में सड़क पर खड़े वाहनों के चलते घटना स्थल तक पहुंचने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा।



## डॉ. अम्बेडकर जयंती पर उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी

**धारी**

**हमारे संवाददाता**

मल्लीदिनी चोरलेख में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई । जिसका संचालन प्रकाश चंद्र नानू ने किया । सर्वप्रथम मूर्ति पर फूल मालाये अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशा रानी रही। अध्यक्षता रघु आर्या ने की। ने बताय डो भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान सभी वक्ताओं ने भीमराव अम्बेडकर के जीवन के बारे मे सभी क्षेत्र की जनता को बताय और उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। पूर्व प्रधान रमेश चंद्र ने भीमराव अम्बेडकर के जीवन के बारे मे विस्तार पूर्वक क्षेत्र की जनता को बताया । ब्लॉक प्रमुख आशा रानी ने क्षेत्र की जनता की पिछले चार वर्षो से अपने निजी प्रयासो से मल्ली दीनी में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मना रहे है और उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी व उनके जीवन पर विस्तार पुर्वक बताया ।

क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिता देवी , प्रधान विनोद कुमार, प्रधान. दीप चंद्र, प्रधान दीपा बिष्ट, प्रधान सरोज आर्या , पूर्व प्रधान रमेश चंद्र , तारा चंद्र , किशोर चंद्र , गणेश चंद्र आर्या, अनिल कुमार अप्पू ,आदि लोग मौजूद थे ।

## स्थानीय कलाकारों ने आसपास के क्षेत्र में गाने की शूटिंग की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में मत कर नशा- मत कर गान पर हाईकोर्ट के दिशा निर्देश पर नैनीताल के स्थानीय कलाकारों ने पंत पार्क और आस पास के क्षेत्र में गाने की शूटिंग की। जिसका निर्देशन रितेश सागर ने किया।

इसके माध्यम से लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस दौरान पर्यटकों ने भी इसे कौतूहल के साथ देखा और गीत की धुन पर झूमते भी नजर आए। शनिवार और रविवार को इसकी शूटिंग की गई। इस मौके पर प्रिंस सिंह दुग्ताल, डीके शर्मा, मिथिलेश पांडे, नीरज डालाकोटी, पवन कुमार, डा.मोहित सनवाल, मनोज साह, मानसी कनवाल, अजय पवार सहित नैनीताल के अन्य स्थानीय कलाकारों ने अभिनय किया। कैमरा में अमर गौतम और हिमांशु रहे साथ ही सेंट मेरी, सेंट जोसफ कॉलेज तथा ऑल सेंट कॉलेज और एनसीसी कैडेट्स ने भी सहयोग



## NEWS / फटाफट

### हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण किया

**नैनीताल।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल तथा मातृ शक्ति तथा दुर्गा वाहिनी द्वारा नगर के सात नंबर के हनुमान मंदिर में रविवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सभी भक्तों को बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। अनुष्ठान में क्रमशः जिला सह मंत्री विवेक वर्मा समेत प्रखंड मंत्री प्रकाश, अधिवक्ता भूपेंद्रसिंह कोरंगा व नितिन सिंह कार्की, कार्यक्रम संयोजक गौरव हार्पर,सह संयोजक कुनाल बेदी, विद्यार्थी प्रमुख ऋतिक, सत्संग प्रमुख मयंक सिराला, मातृ शक्ति संयोजिका रश्मि, सह संयोजिका गीता, राधा, कमला, दुर्गा वाहिनी वैशाली, विद्यार्थी प्रमुख अधिया, कमला, खुशी एवं भक्तजन मौजूद थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में वोट को अपील की

**नैनीताल।** नैनीताल-ऊधमसिंहनगर संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में रविवार को जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट तथा वरिष्ठ नेता कंचन सुयाल के नेतृत्व मे पार्टी कार्यकर्ताओं ने भवाली सैनिटोरियम, लद्दाख, पंत स्टेट तथा दुगई स्टेट व टमटूडा में घर घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में वोट की अपील की। इस दौरान कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस की गारंटी घर-घर जाकर समझाया। अभियान में पूर्व पालिकाध्यक्ष दयाल आर्य समेत भुवन अधिकारी, कंचन सुयाल, पुष्पेश पांडे, हेमचंद पांडे, शेर सिंह बिष्ट ,हरेंद्र कुमार,उषा कनौजिया, अंजू चौधरी, धनी दुमका, शांति तिवारी, कविता चौधरी, मंजू बिष्ट, जया कपिल तथा पंकज कुमार सहित कई लोगों उपस्थित थे।

### कला प्रतियोगिता में वैदेही, दर्शित, दीपशिखा अव्वल

**अल्मोड़ा।** नगर के आंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर तीन वर्गों की कला प्रतियोगिता हुई। प्राथमिक वर्ग में दीपशिखा, जूनियर वर्ग में दर्शित और सीनियर वर्ग में वैदेही ने पहला स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के प्रबंधक जीआर आर्या ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहां पर दिनेश टम्टा, लक्ष्मी आर्या, दीपा आर्या, रितिका आर्या, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## पीएम मोदी का विजन... हमारा मिशन, 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पारः सीएम योगी

**लखनऊ**

**एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के संकल्प पत्र मोदी की गारंटी पर प्रेसवार्ता की। सीएम योगी ने कहा कि सात चरणों में होने वाले चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी हुआ है। घोषणा पत्र के स्थान पर भाजपा ने संकल्प पत्र शुरू किया है। 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने कहा ये संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की भी उद्घोषणा की है। उन्होंने यूपी में लोकसभा चुनाव




2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार। सीएम योगी पार्टी कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार प्रतियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं।

## कनाडा भेजने के नाम पर 19 लाख की ठगी

**काशीपुर**

**हमारे संवाददाता**

एक व्यक्ति ने ओवरसीज स्वामी पर उसके बेटे को कनाडा भेजने के नाम पर 19,00,000 रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

रामनगर के ग्राम हरिपुरा सोन पीरूमदारा निवासी चमन लाल चौधरी ने एसएसपी को पत्र सौंपा। कहा कि वर्ष 2021 में उसने अपने बेटे उत्कर्ष चौधरी को कनाडा भेजने के लिए काशीपुर में रामनगर रोड स्थित संस्थान से कोर्स कराया था। इसके बाद उन्होंने बेटे को कनाडा में पढ़ाने के लिए संस्थान के संचालक बलवंत सिंह गिल निवासी नूरपुर स्वार थाना स्वार रामपुर के कहने पर संस्थान के खाते में इक्कीस लाख रुपये जमा कराए।

इसके बाद बलवंत सिंह गिल कोई न कोई बहाना बनाकर बात टाल जाता था। बाद में उसने फीस की रसीद मांगी तो उसने देने से इंकार कर दिया। बाद में पता चला कि सभी कागजात नकली थे। रुपये वापस मांगने पर उसने 15,00,000 रुपये का चेक 20 मार्च 2023 को दिया। जो बैंक से बाउंस हो गया।

इसका परिवाद रामनगर न्यायालय में विचाराधीन है। कई बार तकादा करने पर गिल ने उसे अब तक 1,75,000 रुपये वापस किए। 19,25,000 रुपये नहीं लौटाए। इस पर एसएसपी ने पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए। तब पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# अभिमत



## अहंकार या चुनौती

*पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राजनीति को खेल समझती हैं और चुनाव को भी वह खेल मानती हैं। उनके मुंह से निकले शब्द 'खेला होवे' मीडिया में बहुत चर्चित रहे हैं। इसी खेल में वह अहंकारवश प्रतिद्वंद्वियों को चुनौती भी देती हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा का मुख्य मुकाबला ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस से है। ममता बनर्जी ने भाजपा को एक साथ दो चुनौती दे डालीं। ममता बनर्जी ने चुनाव रैली में कहा कि सीएए को पश्चिम बंगाल में लागू नहीं होने देंगी। इसी के साथ भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव में 400 पार का दम भरने का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा को 200 का आंकड़ा पार करने की वह चुनौती देती हैं।*

लोकसभा चुनाव में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) मुद्दा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राजनीति को खेल समझती हैं और चुनाव को भी वह खेल मानती हैं। उनके मुंह से निकले शब्द 'खेला होवे' मीडिया में बहुत चर्चित रहे हैं। इसी खेल में वह अहंकारवश प्रतिद्वंदियों को चुनौती भी देती हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा का मुख्य मुकाबला ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस से है। ममता बनर्जी ने भाजपा को एक साथ दो चुनौती दे डालीं। ममता बनर्जी ने चुनाव रैली में कहा कि सीएए को पश्चिम बंगाल में लागू नहीं होने देंगी। इसी के साथ भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव में 400 पार का दम भरने का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा को 200 का आंकड़ा पार करने की वह चुनौती देती हैं। यह दो सौ का आंकड़ा दरअसल लोकसभा सीटों का नहीं है। वर्ष 2021 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान दो सौ सीटों के विषय में है। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पश्चिम बंगाल में पूरी ताकत झोंक दी थी। चुनाव के दौरान हिंसा भी हुई थी। ममता बनर्जी को सत्ता से बेदखल करने के लिए सभी हथकंडे इस्तेमाल किये गये थे, लेकिन ममता बनर्जी भारी बहुमत से पुनः सत्ता पर काबिज हो गईं। ममता बनर्जी ने छात्र जीवन से राजनीति में कदम रखा। इसके बाद राज्य व केन्द्र की राजनीति में हमेशा सफल होती रहीं। पश्चिम बंगाल में जब वामपंथी दलों का वर्चस्व था, तब ममता बनर्जी कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल करती थीं। तीन दशक से अधिक वामपंथी पश्चिम बंगाल में हावी रहे। ममता बनर्जी ने अलग राजनीतिक दल तृणमूल कांग्रेस का गठन किया और अकेले दम पर वामपंथियों को सत्ता से हटाकर उनके संगठन को भी तहस-नहस कर दिया। करीब दो दशक से ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में एकछत्र राज कर रही है। ममता बनर्जी ने भाजपा को इसी लिए चुनौती दी है। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि सीएए के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति विदेशी बन जाएगा। यह बात समझ से परे जरूर है। पश्चिम बंगाल और सीमावर्ती अन्य राज्यों में अवैध रूप से समुदाय विशेष के घुसपैठियों ने फर्जी राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र बनवाये हैं। सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। घुसपैठियों से कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो रही है। भारत के नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। भारत के शिक्षित युवा रोजगार से वंचित रह जाते हैं। घुसपैठिये धर्मांतरण तथा अन्य जघन्य गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त हैं। सीएए के माध्यम से वैध भारतीय नागरिकों को सुविधा देने और अवैध घुसपैठियों को चिह्नित कर देश से निकालने में मदद मिलेगी। यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है, ममता बनर्जी और अन्य विपक्षी नेताओं को इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।

# समान नागरिक संहिता की गंगा देश के कोने-कोने तक जाएगीः सीएम

खटीमा

हमारे संवाददाता



सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। उनके तीसरे कार्यकाल का संकल्प है कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने। सीएम ने कहा कि उत्तराखंड से निकली समान नागरिक संहिता की गंगा देश के कोने-कोने में पहुंचेगी।

रविवार को नैनीताल लोकसभा के अंतर्गत चटियाफार्म में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि 2014 के बाद से भारत के स्वर्णिम काल की शुरुआत हुई है। भारत बुलंदियों की नई परिभाषाएं गढ़ रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। कश्मीर में धारा 370 का खात्मा, देश में नागरिकता संशोधन कानून लागू, तीन तलाक से मुस्लिम बहनों को मुक्ति मिली है। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर का निर्माण, लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखंड को एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राज्य सरकार ने सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू किया। धर्मांतरण कानून, दंगारोधी कानून लागू किया गया। सरकारी नौकरी में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ है। कहा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उन उद्योगों को ज्यादा प्राथमिकता दी गई है जो उत्तराखंड के लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार प्रदान करवाएंगे। जी-20 की तीन बैठकों का सफल आयोजन हुआ है।

धामी ने कहा कि खटीमा मेरी कर्म भूमि है। 2024 के लोक सभा चुनाव का संकल्प पत्र बीजेपी ने जारी कर दिया है। उन्होंने कहा 2022 विधानसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी के नेतृत्व में हमने समान नागरिक संहिता का संकल्प रखा था। जनता के आशीर्वाद से हमें सरकार में आने का अवसर मिला। हमने पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए समान नागरिक संहिता विधेयक पारित कर दिया है। वहां पर कमल जिंदल, नंदन सिंह खड़ायत, मोहिनी पोखरिया, विमला मुंडेला, उत्तम दत्ता, हिमांशु बिष्ट, संतोष अग्रवाल, दान सिंह रावत, अमित पांडेय आदि थे।

## बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़, एक एसआई और बदमाश को लगी गोली

**देहरादून।** पर्ल हाइट अपार्टमेंट में एक्सपोर्टर विकास त्यागी के घर पर तीन बदमाशों ने लूट की थी। बदमाश वहां से करीब आठ लाख रुपये नकद और 20 तोले सोने के जेवरात लूटकर ले गए थे। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी। वसंत विहार के पर्ल हाइट अपार्टमेंट में लूट कर फरार हुए बदमाशों की बिहारीगढ़ में पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक एसआई गोली लगने से घायल हो गया और एक बदमाश के पैर में भी गोली लगी है। दोनों घायलों को कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं, एक अन्य बदमाश गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि शनिवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अनुराग चौक के पास पर्ल हाइट अपार्टमेंट में एक्सपोर्टर विकास त्यागी के घर पर तीन बदमाशों ने लूट की थी। बदमाश वहां से करीब आठ लाख रुपये नकद और 20 तोले सोने के जेवरात लूटकर ले गए थे। पुलिस ने विकास त्यागी की तहरीर पर पुलिस ने उनके पूर्व पार्टनर राजीव अग्रवाल व तीन बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

# भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता




डॉ. भीमराव अंबेडकर नव युवा मंच की ओर से यहां डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई। जगह जगह स्वागत किया गया।

इससे पूर्व शोभा यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडेय सहित निवर्तमान मंडी परिषद अध्यक्ष कमलेंद्र सेमवाल,यूनिटी लॉ कालेज के प्राचार्य डॉ कुंदन सिंह राठौर, सेवी संजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर और महात्मा बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलितकर नमन किया। कार्यक्रम संयोजक दीपक सागर और संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्याअतिथि विधायक गदरपुर को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ कुंदन सिंह राठौर, कमलेंद्र सेमवाल, संजीव गुप्ता, केपी गंगवार, अजय पाल, संजय भारती को स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शोभा यात्रा घासमंडी से शुरू होकर अग्रसेन चौक, महाराजा रणजीत सिंह चौक, भगत सिंह चौक, गल्ला मंडी होते हुए पांच मंदिर के सामने से अंबेडकर जी की प्रतिमा पर समापन हुआ। शोभा यात्रा में देश भक्ति से ओत- प्रोत झांकियां और बाबा साहब और महात्मा बुद्ध की मनमोहक झांकियां आकर्षक रही। संचालन शैलेन्द्र कोली ने किया। इस मौके पर विधायक पांडेय ने बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता व शिल्पकार और देश के दलितों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के मसीहा डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर में कोटि कोटि नमन करता हूं। एडवोकेट अशोक सागर,रंजीत सागर,कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मताराम कोली, जोगेंद्र चौहान,वंदे मातरम ग्रुप के अध्यक्ष संजय,चंद्रपाल कोली, सुशील सागर, रामचंद्र सागर, बंटी राजोरिया, प्रदीप सागर, हरीश सागर, नन्हे सागर, मनोज गुप्ता, कमलदीप सोनकर,पृथ्वीराज कोली, त्रिलोक कोली, मुन्नी देवी,सरिता देवी आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## मनीषा रानी का झलक दिखला जा के मेकर्स पर फूटा गुस्सा





*ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि रियलिटी शो के मेकर्स के ऊपर पैसे नहीं देने का आरोप लगा हैं। मनीषा रानी से पहले बिग बॉस मराठी के विनर शिव ठाकरे भी बिग बॉस के मेकर्स पर पैसे नहीं देने की बात कर चुके हैं । सोशल मीडिया स्टार मनीषा रानी झलक दिखला जा 11 जीतने के बाद से ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। अक्सर मनीषा अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी जिंदगी से जुड़ी अपडेट्स को अपने फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। हाल ही में मनीषा ने एक वीडियो ब्लॉग बनाया जिसमें वे रियलिटी शोज के बारे में बातें करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर मनीषा का यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है। मनीषा रानी सोशल मीडिया पर अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर हैं। वे जो मन में रहता है उसे बिना किसी फिल्टर किए बोल देती हैं। हाल ही में मनीषा ने अपने एक वीडियो में खुलासा किया कि उन्हें अभी तक झलक दिखला जा 11 के मेकर्स की तरफ से पूरी पुरस्कार राशि नहीं मिली है। मनीषा कहती हैं, ये रियलिटी शो की वास्तविकता है।*

### पैसों की बारिश नहीं हो रही है..

*मनीषा रानी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, लोगों को लगता है कि मुझ पर पैसों की बारिश हो रही है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। मुझे अभी तक झलक दिखला जा 11 की पुरस्कार राशि भी नहीं मिली है। साथ ही साथ जब मिलेगी तब उसमें टैक्स और दूसरी चीजों के लिए आधे पैसे काट लिए जाएंगे। पैसों की बारिश उन्हीं पर होती है जिनके करोड़पति ब्यॉयफ्रेंड होते हैं। मेरे पास न तो पैसे हैं और न ही ब्यॉयफ्रेंड। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि रियलिटी शो के मेकर्स के ऊपर पैसे नहीं देने का आरोप लगा है। मनीषा रानी से पहले बिग बॉस मराठी के विनर शिव ठाकरे भी बिग बॉस के मेकर्स पर पैसे नहीं देने की बात कर चुके हैं । शिव ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि न तो उन्हें जीत की पूरी राशि मिली और न ही उन्हें वो पैसे मिले जो उन्होंने शो में अपने माता-पिता को लाने के लिए खर्च किया था।*

# नैनीताल के जंगलों में नहीं थम रही आग

नैनीताल

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड के जंगल एक बार फिर धधकने लगे हैं। नैनीताल के पास नलेना-ज्योलिकोट निरीक्षण भवन मोटर मार्ग के वन क्षेत्र में आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें उठने लगी। इससे आबादी क्षेत्र के लोगों को खतरा महसूस होने लगा। नलेना-ज्योलिकोट निरीक्षण भवन मोटर मार्ग के मध्य रविवार रात करीब आठ बजे वन क्षेत्र में आग लग गई। देखते-देखते आग की ऊंची लपटें उठने लगी।

आसपास के आबादी क्षेत्र के लोगों को खतरा महसूस होने लगा तो उन्होंने वन विभाग और 112 को सूचना दी गई। सूचना पर वन विभाग का दल मौके पर पहुंचा और आग बुझाने में जुट गया। इधर, नैनीताल से अग्निशमन वाहन पूरे दल बल के साथ मौके के लिए रवाना हो गया। लेकिन निरीक्षण भवन मोटर मार्ग पर निर्माणाधीन कलवर्ट में उक्त वाहन का अगला हिस्सा धंसने से वाहन फंस गया। काफी कोशिशों के बाद भी वाहन नहीं निकल पाया। समाचार लिखे जाने तक वाहन को निकालने की कोशिश की जा रही थी। उधर, वन कर्मी आग पर काबू पाने के लिए जुटे थे। इधर बेतालघाट ब्लॉक के जोग्याड़ी से लगे जंगल में रविवार की दोपहर अचानक आग लगने से वन संपदा को नुकसान पहुंचा हैं। वहीं तेज हवाओं के चलने से आग तेजी से जंगल में फैल गई। इधर पीपलचौड़ से लगे जंगल में भी देर शाम तक आग लगी रही। खबर लिखे जाने तक दोनों जगह लगी आग नहीं बुझ पाई थी। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से जंगल में आग लगाने वालों से कार्रवाई की मांग की है।

## News कॉर्नर

### आलानकब समेत युवकों को गिरफ्तार किया

**हल्द्वानी।** पुलिस ने आला नकब समेत दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। मंडी चौकी पुलिस ने तीनपानी बाईपास रोड के पास चैकिंग कर रही थी तभी एक दुकान के पास खड़े दो संदिग्ध युवकों को पुलिस ने धर दबोचा। उनकी तलाशी लेने पर उनके पास से आला नकब बरामद हुआ है। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अरमान निवासी काबुल का गेट इंदिरा नगर और सावन कुमार साहनी निवासी टीआरवी स्कूल के पास बरेली रोड बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया।

### अंडर-16 जिला लीग: एचसीसी ने वेंडी को चार विकेट से हराया

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के दिशा निर्देश पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-16 जिला लीग के तहत भेले गये मैच में एचसीसी ने वेंडी क्रिकेट एकेडमी को चार विकेट से पराजित किया। कमलुवागांजा स्थित जीएनजी मैदान में ोले गये मुकाबले में वेंडी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में सभी विकेट खोकर 158 रन बनाये। टीम के लिये उत्कर्ष तिवारी व मोह मद्दीन ने क्रमशः 49 व 2 रन का योगदान दिया। एचसीसी के स्वनिल ने चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीसी की टीम ने 5वें ओवर में ही छह विकेट ोकर मैच जीत लिया। टीम के लिये चंद्रभान सिंह ने 41 व आदी ने 4 रन बनाए। वेंडी के उत्कर्ष ने चार विकेट लिए। अंपायरिंग विजय आर्या, विनय जोशी ने की जबकि स्कोरर हरप्रीत कंबोज रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता शिविर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता




इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 शशि पुरोहित में कहा कि लोकतंत्र में अब सभी राजनीतिक गतिविधियां वोटों के गणित पर ही आधारित होकर संचालित होती हैं। यह वोट जनता के द्वारा ही परिलक्षित होते हैं। उन्होंने कहा कि 'एक नागरिक, एक वोट' इस कथन का विशेष महत्व है। लोकतंत्र की प्रणाली में मतदाता को वोट देने का एक विशेष अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि वोटों के आधार पर ही सरकार को 5 वर्षों के लिए चुना जाता है, इसीलिए हर एक वोट का विशेष महत्व और हर एक वोट देश के लिए आवश्यक है। चुनाव के अवसर पर सही मतदान करके नागरिकों द्वारा लोकतंत्र की रक्षा की जा सकती है इसलिए हम सभी जो कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, को अपना वोट अवश्य देना चाहिए। एनएसएस प्रभारी डॉ0 ललिता जोशी ने कहा कि युवाओं में राजनीति में भाग लेने और वोट देने के अधिकार का प्रयोग करने के प्रति बढ़ती अनिच्छा विशेष रूप से चिंताजनक है और लोकतंत्र को कमजोर करने के समान है। इसलिए हमको इस प्रवृत्ति को उलटना है और खासकर युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में फिर से शामिल करना जरूरी है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रितुराज पंत ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदाता पंजीकरण से लेकर मतदान तक के हर चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है। नए वोटर को पहलुओं को पहले समझना है फिर अपने पूर्ण विवेक से मतदान करके राष्ट्रीय पर्व में हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो0 शशि पुरोहित ने सभी प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 गीता पंत ने किया। इस अवसर पर प्रो0 ए0के0 श्रीवास्तव, प्रो0 नरेन्द्र कुमार, डॉ0 नेहा सिंह, डॉ0 श्वेता बिश्नोई, डॉ0 रेखा जोशी, डॉ0 हिमानी, डॉ0 रेनू जोशी आदि उपस्थित रहे।

# जनसभा: जनता का अपार प्यार मिल रहा है: अजय भट्ट

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट ने एक निजी बैंक्विट हॉल में एक सभा को संबोधित किया इस मौके पर कई लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली वहीं अजय भट्ट ने कहा कि आज जिस प्रकार से जनता का अपार प्यार मिल रहा है और जहां भी जा रहा हूं लोग मेरा इंतजार कर रहे हैं।

लोग मेरे इंतजार में खड़े रहते हैं इससे साफ होता है कि आने वाले लोकसभा के चुनाव और 19 तारीख को मतदान के समय सभी लोग मंत्र कमल के फूल का ही बटन दबा रहे हैं क्योंकि जिस प्रकार से लोग भारतीय जनता पार्टी के सदस्य ले रहे हैं अन्य राजनीतिक पार्टी को छोड़कर इससे साफ होता है कि विपक्ष के पास अब कोई भी सदस्य नहीं है क्योंकि लगातार भारतीय जनता पार्टी का कुनबा बढ़ता जा रहा है और कार्यकर्ता लगातार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। 19 तारीख को केवल कमल के फूल पर ही लोग बटन दबाएंगे यह स्पष्ट हो गया है और विपक्षियों की जमानत भी जप्त होगी। वहीं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने बताया कि विपक्ष केवल चुनावी बातें कर रहा है जिस प्रकार से लोकसभा प्रत्याशी के ऊपर आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने अपनी सांसद निधि भी खर्च नहीं की लेकिन उनको खुद भी यह नहीं पता कि सांसद निधि क्या होती है वह खुद ही अपने विधानसभा का चुनाव हार चुके हैं तो लोकसभा का चुनाव क्या जीतेंगे केवल विपक्ष के पास बातें ही बातें हैं काम कुछ भी नहीं है। यह साफ हो चुका है कि किस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी के लोग कांग्रेस छोड़ रहे हैं और भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं तो कहीं ना कहीं भाजपा में एकता और संगठन दिखाई दे रहा है इसलिए लोग भाजपा की सदस्यता लेकर भाजपा के परिवार में शामिल हो रहे।

# रोडवेज बसों का टोटा यात्रियों की फजीहत

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों के चुनाव ड्यूटी में जाने के कारण पर्वतीय व मैदानी मार्गों की रोजाना वाली बस सेवाएं बाधित हो गई हैं। नैनीताल रूट पर भी बस सेवा प्रभावित होने से पर्यटन सीजन में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हल्द्वानी डिपो से मिली जानकारी के अनुसार बीते दो दिन से प्रभावित लुधियाना-जालंधर वाली बस सेवा सोमवार को भेजी गई जबकि पिथौरागढ़, जौरासी, गंगोलीहाट वाली सेवा अब भी प्रभावित है। शादी का सीजन शुरू होने के चलते पर्वतीय रूटों पर सफर करने वाले यात्रियों को अधिक परेशानी हो रही है। वहीं टैक्सियों के भी चुनाव में लगे होने के कारण विवाह कार्यक्रम से जुड़े लोगों को असुविधा हो रही है। रोडवेज प्रबंधन तमाम रूटों की बसों को वैकल्पिक तौर पर चला रहा है। रोडवेज कर्मियों के अनुसार यात्रियों की सं या अभी अधिक नहीं है लेकिन इनमें इजाफा होने पर बसों का टोटा पड़ सकता है। पहले से ही बसों की कमी झेल रहे हल्द्वानी डिपो की 29 बसें चुनाव ड्यूटी में लगाई गई है। इसके अलावा प्रदेशभर के डिपो से रोडवेज बसों के निर्वाचन में लगे होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ऐसे में पर्वतीय मार्ग पर चल रहे टैक्सी चालक भी मनमाने दाम वसूल रहे हैं।

# आरओ और नोडल अधिकारी ने किया किच्छा में मतदेय स्थलों का निरीक्षण



**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

किच्छा में जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, नोडल कार्मिक मनीष कुमार ने विधानसभा किच्छा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा किच्छा क्षेत्र अंतर्गत बुथ संख्या-37 व 38-रा.उ.प्रा. विद्यालय चुटकी देवरिया, एवं बुथ संख्या 109, 110, 112 रा. प्रा. वि. छिनकी के बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग बूथों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) यथा बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, कुर्सी, मेज, पंखा आदि व्यवस्थाएं, पोलिंग बूथों पर पोलिंग पार्टियों हेतु रहने-खाने आदि अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित बीएलओ से पोलिंग बूथों पर गत चुनावों में हुए मतदान प्रतिशत, नए वोटर कार्ड एवं मतदाता पहचान पर्ची वितरण की जानकारी लेते हुए सभी मतदाता पर्चियों को वितरित करने के निर्देश दिये। सेक्टर मजिस्ट्रेट और बीएलओ को चुनावी प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप गतिविधियों आयोजित कर मतदान हेतु प्रेरित कर अधिक से अधिक मतदान करवाने को कहा गया। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदेय स्थलों पर बूथ हेल्प डेस्क, वेब कास्टिंग और बूथ काउंटर को लेकर सहायक निर्वाचन अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए साथ ही बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता को प्राथमिकता से मतदान कराने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र, बीएलओ मुन्नी बिष्ट, हेमा पाण्डे, नीतू मौर्या, कलावती मौर्या, नीतू मौर्या आदि थे।

### भरत-राम मिलाप के दृश्य पर भावुक हुए दर्शक

**अल्मोड़ा।** डीनापानी में आयोजित रामलीला के चौथे दिन भरत-राम मिलाप के दृश्य को देख दर्शक भावुक हो उठे। दर्शकों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान दशरथ के प्राण त्यागने के दृश्य का भी मंचन हुआ।

कैकई-भरत संवाद मुख्य आकर्षण रहा। अभय मेहता ने राम, ललित मेहता ने सीता, गौरव मेहता ने भरत, पायल बजेठा दशरथ, लक्षिता ने कैकई के पात्र की भूमिका निभाई। वहां पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुशील मेहता, जमन सिंह, बसंत मेहता, आनंद भंडारी, महेंद्र भंडारी आदि मौजूद रहे।

# कराटे प्रशिक्षण में खिलाड़ियों ने पास की ब्लैक बेल्ट परीक्षा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



अंतरराष्ट्रीय कराटे महासंघ उत्तराखंड के तत्वावधान में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण एवं ब्लैक बेल्ट परीक्षा कराई गई। इस दौरान उत्तराखंड के प्रमुख कोच सेनसाइ वीरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल होने जा रहे हैं। इसमें कराटे को शामिल किया गया है। इसके मद्देनजर अंतर्राष्ट्रीय कराटे महासंघ भारत एवं अंतर्राष्ट्रीय कराटे महासंघ कनाडा के अध्यक्ष, तकनीकी निदेशक, विश्व कराटे महासंघ के जज और एशियाई कराटे महासंघ के रेफरी योगेंद्र चौहान ने काता कुमिते का विशेष प्रशिक्षण दिया ताकि बच्चे नेशनल गेम्स में ज्यादा से ज्यादा मेडल जीतकर राज्य व जिले का नाम रोशन कर सकें। इस दौरान पायल मेहता, जानवी जोशी, किरण तिवारी, मानस उपाध्याय, जिज्ञासा उपाध्याय, बरखा लूणी ने ब्लैक बेल्ट परीक्षा पास की। इस अवसर पर बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । इससे पहले प्रशिक्षण का उद्घाटन मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह बिष्ट व राजेंद्र सिंह क्वीरा ने किया। प्रशिक्षण व परीक्षा में 50 बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर समाजसेविका नीरजा बोरा, इंटरनेशनल खिलाड़ी चेतन भट्ट, कनिका जोशी, फरीन सैफी, काव्यांजलि बिष्ट, वीरेंद्र बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# बिजली गुल, दो लाख की आइसक्रीम बर्बाद, महिला व्यापारियों ने काटा हंगामा

**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता



अल्मोड़ा के सल्ट में बिजली गुल रहने से लोगों के साथ ही ग्रामीण परेशान हैं। दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप रहने से दो लाख रुपये से अधिक की आइसक्रीम बर्बाद हो गई तो महिला व्यापारियों का हौसला जवाब दे गया।

सल्ट क्षेत्र में आए दिन बिजली गुल रहने से लोगों के साथ ही ग्रामीण परेशान हैं। दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप रहने से दो लाख रुपये से अधिक की आइसक्रीम बर्बाद हो गई तो महिला व्यापारियों का हौसला जवाब दे गया। उन्होंने पॉवर हाउस पहुंचकर अधिकारियों और कर्मचारियों का घेराव करते हुए जमकर हंगामा काटा। उन्होंने यूपीसीएल से नुकसान की भरपाई की मांग की। सल्ट मुख्य बाजार सहित आसपास के 20 से अधिक गांवों में शुक्रवार से बिजली आपूर्ति ठप रही। दूसरे दिन शनिवार को भी देर शाम तक बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं हो सकी। गर्मी के मौसम में कारोबारियों ने आइसक्रीम का पर्याप्त स्टॉक रखा है। लगातार दो दिनों तक बिजली न होने से फ्रिज में रखी आइसक्रीम पिघलकर बर्बाद हो गई तो महिला व्यापारियों का आक्रोश बढ़ गया। क्षेत्र की महिला व्यापारी पॉवर हाउस पहुंची और अधिकारियों, कर्मियों का घेराव करते हुए हंगामा किया। उन्होंने कहा हर रोज बिजली गुल हो रही है, इससे कारोबारियों को नुकसान झेलना पड़ रहा है।

लंबे समय से घंटों बिजली कटौती हो रही है, इससे सभी परेशान हैं। महिलाओं के आक्रोश को देखते हुए टीम ने आननफानन में खराबी को दूर कर बिजली आपूर्ति बहाल की। वहां पर सुनीता रावत, शांति रावत, अंजू बोरा, मोहिनी देवी, सुशील गोयल, हीरा बोरा, बबिता देवी, अंजू बोरा, सीमा रावत, गीता शर्मा, सरिता शर्मा आदि थीं।